भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग
उद्योग भवन, नई दिल्ली-110011

भोपाल (मध्य प्रदेश), जोरहाट (असम), कुरूक्षेत्र (हरियाणा) और विजयवाड़ा (आन्ध्र प्रदेश) में स्थापित नए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थानों में प्रत्येक में निदेशक के पद हेतु विज्ञापन

कुरूक्षेत्र (हरियाणा), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश), भोपाल (मध्य प्रदेश), तथा जोरहाट (असम) में स्थापित चार नए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थानों (एनआईडी) में, प्रत्येक में निदेशक के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इन संस्थानों की स्थापना, राष्ट्रीय डिजाइन नीति के अनुसरण में की गई है जिसमें राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, अहमदाबाद की तर्ज पर भारत के सभी क्षेत्रों में डिजाइन में गुणवत्ता-परक शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से देश के विभिन्न क्षेत्रों में चार राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान स्थापित किए जाने की परिकल्पना की गई है।

शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव

एनआईडी के निदेशक संस्थान के अकादमिक एवं प्रशासनिक प्रमुख हैं। वह संस्थान के प्रधान कार्यकारी अधिकारी हैं तथा संस्थान के सुचारू प्रशासन और निर्देश देने एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए उत्तरदायी हैं। निदेशक में नेतृत्व गुण, प्रशासनिक क्षमता तथा शिक्षण एवं अनुसंधान संबंधी अनुभव होने की आशा की जाती है। आवेदक के पास शिक्षण/उद्योग/अनुसंधान के क्षेत्र में न्यूनतम 15 वर्षों के अनुभव के साथ इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी/डिजाइन में मास्टर डिग्री होनी चाहिए। उनके पास संस्थान के निदेशक के रूप में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारियों के प्रबंधन के लिए पर्याप्त राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय अनुभव एवं क्षमता के साथ प्रौद्योगिकी/डिजाइन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का रिकार्ड होना चाहिए।

आयु
आवेदक की आयु, पद के लिए आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख को 58 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

वेतन एवं सेवा शर्तें

निदेशक के पद के लिए, भारत सरकार में समतुल्य रैंक के अधिकारियों को देय भत्तों सहित वेतन पे मैट्रिक्स के लेवल 14 (144200-218200 रु.) में वेतन निहित है। यह नियुक्ति, 5 वर्षों अथवा 60 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, की अवधि के लिए होगी। निदेशक, संस्थान के समय-समय पर यथासंशोधित नियमों तथा विनियमों, उपनियमों के प्रावधानों तथा केंद्र सरकार के निर्देशों द्वारा शासित होंगे।

नियुक्ति प्रक्रिया

यह नियुक्ति, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 30 जुलाई, 2007 के का.ज्ञा.सं. ए बी14017/11/2004-स्था. (आर आर) के अनुसरण में गठित खोज-सह-चयन समिति द्वारा सिफारिश किए गए नामों के पैनल से की जाएगी।

आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण निर्धारित प्रपत्र में श्रीमती अरूणिमा के. सिन्हा, अवर सचिव, भारत सरकार, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, कमरा सं. 378, ई विंग, उद्योग भवन, नई दिल्ली-110011 को स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा (ई-मेल arunimak.sinha@nic.in पर प्रति सहित) 07 जुलाई, 2018 तक पहुंच जाना चाहिए। सरकारी विभागों/स्वायत्त संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों/विश्वविद्यालयों में कार्यरत व्यक्तियों द्वारा अपने आवेदन, नियोक्ता से सतर्कता संबंधी स्वीकृति/अनापत्ति प्रमाण-पत्र के साथ भेजे जाने चाहिए। तथापि, आवेदन की एक अग्रिम प्रति पहले भेजी जा सकती है। आवेदन तथा अन्य दस्तावेजों वाले लिफाफे पर “निदेशक, एनआईडी के पद के लिए आवेदन” अंकित होना चाहिए।

अनुबंध

प्रपत्र

<table>
<tr><td>1.</td><td>नाम (स्पष्ट अक्षरों में)</td><td></td></tr>
<tr><td>2.</td><td>पिता / पति का नाम</td><td></td></tr>
<tr><td>3.</td><td>डाक पता (स्पष्ट अक्षरों में)
सरकारी (आवासीय)</td><td></td></tr>
<tr><td>4.</td><td>ई-मेल आईडी</td><td></td></tr>
<tr><td>5.</td><td>राष्ट्रीयता</td><td></td></tr>
<tr><td>6.</td><td>जन्म तिथि तथा आयु</td><td></td></tr>
<tr><td>7.</td><td>अंकों के प्रतिशत, उत्तीर्ण होने का वर्ष और बोर्ड / विश्वविद्यालय जहां से उत्तीर्ण किया गया है, (मैट्रिकुलेशन से आगे) सहित शैक्षिक योग्यता</td><td></td></tr>
<tr><td>8.</td><td>विशेषज्ञता का क्षेत्र</td><td></td></tr>
<tr><td>9.</td><td>योग्यता मानदंडों के अनुसार अनुभव का विवरण
(ए) प्रशासनिक अनुभव

(बी) अकादमिक / शिक्षण अनुभव का विवरण</td><td>
<table>
<tr><td colspan="5">प्रशासनिक अनुभव</td></tr>
<tr><td>धारित पद</td><td>वेतनमान</td><td>संगठन</td><td>कार्यों का स्वरूप</td><td>कार्यो का अनुभव</td></tr>
</table>
<table>
<tr><td colspan="2">अकादमिक / शिक्षण अनुभव का विवरण</td></tr>
<tr><td>अकादमिक अनुभव</td><td>शिक्षण अनुभव</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>उच्च शिक्षा में संबंधित क्षेत्र में भागीदारी और योगदान: -
(क) विज़िटिंग प्रोफेसर
(ख) संसाधन व्यक्ति
(ग) अन्य (निर्दिष्ट करें)</td><td>
<table>
<tr><td colspan="3">विज़िटिंग प्रोफेसर</td></tr>
<tr><td>क्षमता</td><td>संगठन</td><td>विशेषज्ञता का क्षेत्र</td></tr>
</table>
<table>
<tr><td colspan="3">संसाधन व्यक्ति</td></tr>
<tr><td>क्षमता</td><td>संगठन</td><td>विशेषज्ञता का क्षेत्र</td></tr>
</table>
<table>
<tr><td colspan="3">अन्य</td></tr>
<tr><td>क्षमता</td><td>संगठन</td><td>विशेषज्ञता का क्षेत्र</td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>11.</td><td>अकादमिक सहयोग के संबंध में तैयार महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन</td><td></td></tr>
</table>

12.	अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यकलाप, यदि कोई हो (पद/कार्य संगठन/विश्वविद्यालय कार्य का क्षेत्र अवधि ……..से …………..तक)	
13.	प्रकाशन संबंधी ब्यौरा: पत्रिकाओं / पुस्तकों / प्रकाशनों में योगदान	
14.	राष्ट्रीय / अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भागीदारी और योगदान (पूर्ण व्याख्यान / वार्ता, सम्मेलन जिनमें भाग लिया, परीक्षक संबंधी कार्य आदि	
15.	परामर्शी अनुभव, यदि कोई है	
16.	प्राप्त पुरस्कार / सम्मान	
17.	अनुसंधान छात्र जिन्हें परामर्श दिया गया (संख्या)	
18.	उम्मीदवार की कार्यक्षमता पर लगभग 100 शब्दों में एक पैरा	
19.	दो संदर्भ व्यक्तियों का नाम और पता (उम्मीदवार से संबंधित नहीं)	
20.	चार स्थानों में से एनआईडी स्थल की प्राथमिकता (कृपया वरीयता के क्रम में विनिर्दिष्ट करें)	1. 2. 3. 4.
21.	कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी, यदि कोई हो	

घोषणा: मैं प्रमाणित करता हूं कि उपर्युक्त सूचना मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है और कुछ भी जानकारी छुपाई नहीं गई है/गलत नहीं दी गई है। मैं यह भी घोषणा करता हूं और पूरी तरह से समझता हूं कि किसी भी स्तर पर कोई भी जानकारी गलत पाए जाने पर मेरे आवेदन/उम्मीदवारी को निरस्त किया जा सकता है और यदि मैं पहले ही नियुक्त हूं, तो मेरी सेवाओं को बिना किसी सूचना के समाप्त किया जा सकता है।

तारीख:

स्थान:

(आवेदक के हस्ताक्षर)